आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 20.02.2026
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा के साथ राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर चर्चा की।
- मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने हरिद्वार में आगामी कुंभ मेला के दृष्टिगत ऋषिकेश में त्रिवेणी घाट, चंद्रभागा पुल और आस्था पथ परियोजनाओं की समीक्षा की।
- प्रदेश के प्रमुख शहरों में आधुनिक सामुदायिक केंद्र और आवासीय योजनाएं विकसित की जाएंगी।
- **और,** चम्पावत जिले में भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल की 36वीं वाहनी मुख्यालय लोहाघाट में सेवानिवृत्त दिवस का आयोजन।

**धन सिंह रावत**

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने नई दिल्ली में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा से मुलाकात कर राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान डॉ. रावत ने चार धाम यात्रा में तीर्थयात्रियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने को लेकर विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा की। उन्होंने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री को यात्रा को लेकर राज्य सरकार द्वारा की जा रही तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा केदारनाथ और बदरीनाथ धाम में आधुनिक चिकित्सा इकाई स्थापित कर दी गई है, जिनका शुभारम्भ इसी यात्रा सीजन में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चार धाम यात्रा मार्गों पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती के साथ ही चिकित्सकों का पूल भी तैयार किया जा रहा है। इनमें राज्य की विभिन्न चिकित्सा इकाईयों में तैनात चिकित्सकों के साथ ही राज्य मेडिकल कॉलेज, एम्स ऋषिकेश के चिकित्सकों के साथ देशभर के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों के चिकित्सकों की सेवाएं ली जायेगी। इसके अलावा डॉ. रावत ने केंद्रीय मंत्री से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत राज्य की ओर से भेजे गए प्रस्तावित नए कार्यक्रमों के संचालन के लिये अतिरिक्त बजट उपलब्ध कराने की मांग की, जिस पर केन्द्रीयमंत्री ने सकारात्मक आश्वासन दिया। इस दौरान डॉ. रावत ने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री को चार धाम यात्रा पर आने का निमंत्रण भी दिया।

**मुख्य सचिव**

मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने सचिवालय में ऋषिकेश स्थित त्रिवेणी घाट, चंद्रभागा पुल और आस्था पथ के निर्माण व सौंदर्यकरण से संबंधित परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कार्यदायी संस्था सिंचाई विभाग को निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारियों की समिति द्वारा दी गई अनुशंसाओं को परियोजनाओं के क्रियान्वयन में अनिवार्य रूप से सम्मिलित किया जाए। मुख्य सचिव ने सभी कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय–सीमा पर पूरे करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि हरिद्वार में आगामी कुंभ मेला के दृष्टिगत इन परियोजनाओं पर लगभग 168 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

**स्वच्छता**

हरिद्वार में कांवड़ यात्रा के समापन के बाद प्रमुख घाटों, मार्गों और आस–पास के क्षेत्रों में जिला प्रशासन विशेष सफाई अभियान चला रहा है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि नगर निगम की टीमों सहित अन्य विभागों के कर्मचारियों को भी सफाई कार्य में लगाया गया है, ताकि श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ी इस नगरी को शीघ्र ही पूरी तरह स्वच्छ और व्यवस्थित बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि जिन घाटों पर अभी अतिरिक्त सफाई की जरूरत है, वहां लगातार कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि हरिद्वार एक पवित्र और धार्मिक नगरी है, जिसे स्वच्छ रखना प्रशासन के साथ ही प्रत्येक नागरिक की भी जिम्मेदारी है। उन्होंने आने वाले श्रद्धालुओं से अपील की कि वे अपने आसपास गंदगी न फैलाएं और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें।

**राज्यपाल**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से लोक भवन में पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को चारधाम यात्रा की तैयारियों और आगामी कुंभ मेले' के लिए प्रस्तावित सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण की तैयारियों से अवगत कराया। इस दौरान राज्यपाल ने कुंभ जैसे विश्वस्तरीय आयोजन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई और अत्याधुनिक तकनीकों का व्यापक उपयोग सुनिश्चित किए जाने पर जोर दिया। ताकि भीड़ प्रबंधन, संदिग्ध गतिविधियों की पहचान और रियल–टाइम मॉनिटरिंग प्रभावी ढंग से की जा सके। उन्होंने कहा कि 'कुंभ क्षेत्र में एडवांस्ड व एकीकृत कंट्रोल रूम की स्थापना की जाए, जो विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों,

सीसीटीवी नेटवर्क, ड्रोन सर्विलांस तथा ट्रैफिक मॉनिटरिंग सिस्टम से समन्वित हो।' इससे त्वरित निर्णय लेने और आपात स्थितियों में प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा सकेगी। इसके अलावा राज्यपाल ने चारधाम यात्रा के दृष्टिगत यात्रा मार्गों, पड़ाव स्थलों व मंदिर परिसरों में सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, आपदा प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण की पूर्व तैयारियां समय से पूरी करने की बात भी कही।

## आधुनिक सामुदायिक केंद्र

उत्तराखण्ड आवास एवं विकास परिषद ने शहरी विकास को नई दिशा देने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। देहरादून में आवास सचिव एवं आवास आयुक्त डॉ. आर. राजेश कुमार की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि परिषद की योजनाएं केवल भवन निर्माण तक सीमित न रहें, बल्कि नागरिकों को बेहतर जीवनस्तर और आधुनिक आधारभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराएं।

आवास सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने कहा कि परिषद द्वारा देहरादून, ऋषिकेश, रूड़की और काशीपुर सहित अन्य नगरों में आधुनिक सामुदायिक केंद्र विकसित किए जाने का प्रस्ताव रखा गया है। इन केंद्रों को इस प्रकार बनाया जाएगा कि आम नागरिक विवाह समारोह, सामाजिक कार्यक्रम और अन्य आयोजनों के लिए कम दरों पर इनका उपयोग कर सकें। इस पहल से मध्यम वर्गीय और निम्न आय वर्ग के परिवारों को काफी राहत मिलेगी। परिषद का मानना है कि इससे सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, और लोगों को निजी महंगे बैंक्वेट हॉल पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। बैठक में देहरादून, ऋषिकेश, हरिद्वार, रूड़की, काशीपुर, जसपुर और अल्मोड़ा में भूखण्डों और भवनों के आवंटन की प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिए गए। इन योजनाओं में चौड़ी सड़कें, हरित पार्क, सामुदायिक केंद्र और अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी। डॉ. आर. राजेश कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद की तर्ज पर उत्तराखण्ड में भी लैंड पूलिंग मॉडल लागू करने के प्रस्ताव पर भी बैठक में विस्तार से चर्चा हुई। इसके तहत भूमि स्वामियों की सहभागिता से बड़ी और सुव्यवस्थित आवासीय योजनाएं विकसित की जाएंगी। इस व्यवस्था से अवैध प्लॉटिंग पर रोक लगेगी और पारदर्शी, योजनाबद्ध विकास को बढ़ावा मिलेगा। बैठक में श्रीनगर आवास योजना और जसपुर आवास योजना को प्राथमिकता के आधार पर विकसित करने का निर्णय भी लिया गया। आवास सचिव ने कहा कि परिषद का लक्ष्य केवल मकान बनाना नहीं, बल्कि नागरिकों को सम्मानजनक और सुविधायुक्त जीवन देना है।

## सेवानिवृत्त दिवस

चम्पावत जिले में भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल– आईटीबीपी की 36वीं वाहनी मुख्यालय लोहाघाट में सेवानिवृत्त दिवस आयोजित किया गया। इस अवसर पर बल के सेवानिवृत्त कर्मचारियों और उनके परिजनों की विभिन्न समस्याओं को सुना गया। साथ ही उन्हें सरकार की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी गई। वाहिनी कमांडेंट संजय कुमार ने बताया कि आईटीबीपी हर साल फरवरी माह में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं और उन्हें दी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से सेवानिवृत्त दिवस का आयोजन करता है।

## पुलिस आपके द्वार

देहरादून पुलिस, महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व सशक्तिकरण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से "पुलिस आपके द्वार" अभियान चला रही है। इसके तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में स्थित शिक्षण संस्थानों में पढ़ रहे छात्रों को साइबर अपराध, महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध और नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में विकासनगर के एक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस टीम ने छात्र–छात्राओं को घरेलू हिंसा, छेड़छाड, यौन उत्पीड़न, मादक पदार्थ, साइबर अपराध आदि से बचाव के उपायों की जानकारी दी। साथ ही किसी भी अपरिहार्य स्थिती में पुलिस सहातया के लिए जारी किये गये हैल्पलाइन नम्बर– 112, 1090 और 181 के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई।

**अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर–**

- स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा के साथ राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर चर्चा की।
- मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने हरिद्वार में आगामी कुंभ मेला के दृष्टिगत ऋषिकेश में त्रिवेणी घाट, चंद्रभागा पुल और आस्था पथ परियोजनाओं की समीक्षा की।
- प्रदेश के प्रमुख शहरों में आधुनिक सामुदायिक केंद्र और आवासीय योजनाएं विकसित की जाएंगी।

- **और,** चम्पावत जिले में भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल की 36वीं वाहनी मुख्यालय लोहाघाट में सेवानिवृत्त दिवस का आयोजन।

**इसके साथ ही प्रादेशिक समाचारों का ये अंक समाप्त हुआ। अगला समाचार बुलेटिन पूर्वाह्न साढे दस बजे प्रसारित किया जाएगा। नमस्कार!**